**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।**
**2 लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, फील्ड हास्टल, लखनऊ**
**ई–मेल– ee_2cd_lucknow@yahoo.in**

**पत्रांकः** 369 / W-4 / 10 **दिनांक :** 04/5/2026

सेवा में,
जिलाधिकारी
लखनऊ।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में ''खोदी गई सड़क और गड्ढे तुरन्त भरे जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं'' शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में ''**खोदी गई सड़क और गड्ढे तुरन्त भरे जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**.'' शीर्षक से दिनांक 02.05.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखनऊ में कुल 442 नग नलकूप, 442 नग पम्प गृह, 442 नग सोलर प्लान्ट, 381 नग शिरोपरि जलाशय, 442 नग बाउण्ड्रीवॉल, 4940 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 219677 नग पेयजल गृह संयोजन इत्यादि के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 436 नग नलकूप, 434 नग पम्प गृह, 434 नग सोलर प्लान्ट, 189 नग शिरोपरि जलाशय, 4842 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 215314 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। अवशेष कार्य प्रगति पर है। वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान 830.22 किमी0 बी0ओ0ई0, 534.909 किमी0 सी0सी0 रोड, 113.91 कि0मी0 बिटुमिनस रोड एवं 255.77 किमी0 इंटरलॉकिंग सड़क तोड़ी गई थी, जिसके सापेक्ष 792.10 किमी0 बी0ओ0ई0, 479.02 किमी0 सी0सी0 रोड, 44.96 कि0मी0 बिटुमिनस रोड़ एवं 235.71 किमी0 इंटरलॉकिंग सड़क के स्थायी पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा अवशेष तोड़ी गयी सड़क मोटरेबल कर दी गयी है तथा पेयजल गृह संयोजन एवं पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे पूर्ण कर स्थायी पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान तक 140 नग पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में शामिल कर लिया गया है, जिसमें शतप्रतिशत सड़को की स्थायी पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय
04/05/2026
(ए0के0 त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–</u>

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
5. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
7. डी0टी0एल0, टी0पी0आई0, मेसर्स सी0एस0टेक लि0 लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता